# इंटरनेशनल टोमैटो कॉन्क्लेव-2022

## चर्चा में क्यों?

17 मई, 2022 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने होटल आमेर ग्रीन्स में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा नीदरलैंड ऐंबेसी के सहयोग से हुए इंटरनेशनल टोमैटो कॉन्क्लेव-2022 को वर्चुअली संबोधित किया।

## प्रमुख बिंदु

- कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्यानिकी फसलों के विस्तार के लिये केंद्र शासन द्वारा संचालित योजनाओं के साथ फल, पौधरोपण, व्यावसायिक उद्यानिकी फसलों की संरक्षित खेती को प्रोत्साहन, उद्यानिकी के विकास के लिये यंत्रीकरण को प्रोत्साहन, मसाला क्षेत्र विस्तार, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के विकास, बागवानी तथा खाद्य प्रसंस्करण और उद्यानिकी फसलों के लिये कोल्ड स्टोरेज अधोसंरचना विकास हेतु योजनाएँ चलाई जा रही हैं।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 11 विविध कृषि जलवायु क्षेत्र हैं। राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न फसलों के उत्पादन में मध्य प्रदेश अग्रणी स्थान पर है। संतरा और धनिया बीज उत्पादन में प्रदेश, देश में प्रथम है। साथ ही अमरूद, टमाटर, प्याज, फूलगोभी, हरी मिर्च, मटर, लहसुन, नींबू आदि के उत्पादन में मध्य प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।
- उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल टोमैटो कॉन्क्लेव-2022 प्रदेश में टमाटर फसल और उसके निर्यात, भंडारण, प्रसंस्करण को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण सिद्ध होगा। राज्य सरकार विशेषज्ञों द्वारा विकसित रणनीति का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी।
- गौरतलब है कि प्रदेश की 'एक ज़िला-एक उत्पाद' योजना में 11 ज़िलों को विशेषरूप से टमाटर उत्पादन के लिये चुना गया है। टमाटर के साथ फल-फूल, सब्जी, मसाला, औषधीय और सुगंधित फसलों की खेती तथा उनके प्रसंस्करण एवं व्यापार की अपार संभावनाएँ हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-tomato-conclave-2022